माध्यमिक शिक्षा,राजस्थान
बीकानेर–334001
✆: 2522230(का.),2200849(नि.)
फैक्स : 0151–2201861

नथमल डिडेल
I.A.S.
निदेशक

अ.शा.पत्रांकः शिविरा–मा/माध्य/निप्र/नवाचार/प्रयास–2018/27
दिनांक : 26 जनवरी, 2018

प्रिय संस्था प्रधान जी,

इस गौरवशाली राष्ट्र के गणतंत्र की 68वीं वर्षगांठ पर सम्पूर्ण माध्यमिक शिक्षा परिवार को हार्दिक बधाई के साथ समस्त शिक्षक वृन्द को NAS : cycle-1 में सम्पूर्ण देश में बेहतर स्थान अर्जित करने के लिए प्रदत्त अप्रतिम योगदान हेतु साधुवाद ज्ञापित करता हूँ। साथ ही आगामी 05 फरवरी – 2018 को कक्षा–10 के लिए आयोज्य NAS : cycle-2 में भी पुनः उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु अग्रिम शुभकामनाएं प्रकट करता हूँ।

विगत सत्र में राजकीय विद्यालयों के बोर्ड परीक्षा परिणाम में संख्यात्मक एवं गुणात्मक सुधार हेतु विभाग द्वारा राज्य स्तर पर निर्मित एवं संचालित अभिनव कार्य योजना "प्रयास–2017" के सुखद परिणाम सामने आए थे। उक्त कार्य योजना के सातत्य में माध्यमिक परीक्षा – 2018 में भी विद्यार्थियों के प्रदर्शन में उत्तरोत्तर सुधार हेतु विभागीय स्तर पर कार्य योजना प्रयास–2018 निर्मित की गई है। इस योजना का विशिष्ट उद्देश्य अपेक्षाकृत कठिन पाए गए तीन विषयों (अंग्रेजी,गणित तथा विज्ञान) में विद्यार्थियों की वर्तमान समझ (Comprehending) में अभिवृद्धि कर परीक्षा परिणाम की गुणवत्ता में सुधार लाना है। इस हेतु लक्षित विषयों में गत परीक्षाओं में गुणात्मक रूप से उत्कृष्ट परिणाम देने वाले शिक्षकों का चयन कर उन्हें यह महती उत्तरदायित्व प्रदान किया गया कि वे तीनों विषयों में अपेक्षाकृत मुश्किल समझे जाने वाले सम्प्रत्ययों (Concept) को समझने तथा याददाश्त हेतु चिर स्थाई (Permanent Memorizing) Short Cut वाली तरकीबें (Tricks) तथा तरीके (Methods) सुझाएं, जिससे कि अर्जित ज्ञान विद्यार्थी के मस्तिष्क में स्थाई रूप से अंकित हो जाए। उक्त क्रम में जिला/मण्डल स्तर पर आयोजित विषयवार कार्यशालाओं की कड़ी में तीनों लक्षित विषयों की राज्य स्तरीय कार्यशालाओं का आयोजन चूरू, उदयपुर तथा अजमेर मण्डल के तत्वावधान में किया जाना निश्चित किया गया, जिसके प्रथम चरण में दिनांक 23, 24 जनवरी – 2018 को सीकर स्थित राउमावि, ढांढण में अंग्रेजी विषय की कार्यशाला आयोजित कर कक्षा–10 के नवीन पाठ्यक्रमानुसार बोर्ड पैटर्न तथा ब्ल्यू प्रिंट के अनुरूप विद्यार्थियों हेतु बहूपयोगी अध्ययन सामग्री का निर्माण किया गया है। उक्त शैक्षिक सामग्री तथा प्रश्न बैंक को सर्वजन हिताय विभाग की आधिकारिक वेब–साईट पर अपलोड किया जा चुका है तथा आपके विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों के समुचित उपयोग हेतु शाला दर्पण के माध्यम से भी आपको उपलब्ध करवाया गया है। शेष दोनों विषयों से सम्बन्धित शैक्षिक सामग्री भी अतिशीघ्र आपको प्रेषित की जा रही है।

बोर्ड परीक्षा परिणाम उन्नयन हेतु विभाग द्वारा आयोजित इस शैक्षिक यज्ञ की सार्थकता एवं सफलता सभी मण्डल/जिला अधिकारियों, संस्था प्रधानों एवं शिक्षकों के सामूहिक प्रयत्न की पूर्णाहुति से ही सम्भव है। अतः इस अभियान रूपी रथ के मुख्य सारथी के रूप में आपसे पुरजोर आह्वान है कि "प्रयास–2018" के आग्रह को आत्मसात करें एवं निर्मित शैक्षिक/अध्ययन सामग्री का सम्पूर्ण लाभ कार्य योजनानुरूप शिक्षार्थियों तक पहुंचाने हेतु सम्पूर्ण स्टाफ के साथ जुट जाएं, जिससे कि आप सही अर्थों में ज्ञान के स्थाईत्व के संवाहक की संज्ञा को चरितार्थ कर सकें ।

कहना चाहूंगा :–

**अंधकार को क्यों धिक्कारें, आओ मिलकर दीप जलाएं !**

शुभकामनाएं,

सद्भावी

(नथमल डिडेल)

**समस्त संस्था प्रधान**
**राजकीय माध्यमिक/उच्च माध्यमिक विद्यालय**

www.rajteachers.com